गुरुवार

02 फरवरी 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




दंपति हत्याकांडः पति-पत्नी का कत्ल कर दो लाख एवं जेवरात लूट ले गए अपराधी 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


**बजट 2023-24 : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया केंद्रीय बजट, नई टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्सपेयर्स को मिली बड़ी राहत**

# अब 7 लाख रु. तक की आय पर कोई टैक्स नहीं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में साल 2023-24 का केंद्रीय बजट पेश किया। वित्तमंत्री सीतारमण का यह लगातार पांचवां और मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट रहा। संसद में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि अमृत काल में यह पहला बजट है। इसमें टैक्सपेयर्स के लिए बड़ी राहत का एलान किया गया है। अब नई इनकम टैक्स रिजिम के तहत 7 लाख रुपये तक के आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा जो अब तक 5 लाख रुपये था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत दी है। जिनकी आमदनी 7 लाख रुपये तक है, उन्हें एक रुपये भी टैक्स नहीं देना होगा, लेकिन उनकी आमदनी 7 लाख से एक रुपये भी बढ़ जाती है तो उन्हें टैक्स देना होगा और वो टैक्स की रकम सिर्फ एक रुपये पर नहीं बल्कि 3 लाख से ऊपर की पूरी आमदनी पर देनी होगी। यानि जिनकी आमदनी 7 लाख से ज्यादा है उन्हें नई इनकम टैक्स व्यवस्था के तहत अब 3 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। लेकिन आय 7 लाख से ऊपर जाने पर 3 से 6 लाख वाले स्लैब में 5 फीसदी टैक्स देना होगा। इसी तरह 6 से 9 लाख रुपये तक के स्लैब पर 10 फीसदी, 9 से 12 लाख रुपये तक के स्लैब पर 15 फीसदी, 12 से 15 लाख रुपये तक के स्लैब पर 20 फीसदी और 15 लाख रुपये से ज्यादा आय पर 30 फीसदी इनकम टैक्स देना होगा। वहीं सभी अंत्योदय औरप्राथमिकता परिवारों को अगले साल यानी 2024 तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का एलान किया गया है।





## ऐसे समझें टैक्स का गणित

**इनकम टैक्स में बड़ी छूट**

| आय | पहले | अब |
|---|---|---|
| 5 लाख | 00 | 00 |
| 7 लाख | 33,800 | 00 |
| 9 लाख | 62,400 | 46,800 |
| 10 लाख | 78,000 | 62,400 |

## महिलाओं को बड़ा तोहफा

वित्त मंत्री ने बजट में महिलाओं को बड़ा तोहफा देते हुए महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5% का ब्याज मिलेगा। यह महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट दो साल के लिए साल 2025 तक होगा। योजना के तहत किसी महिला या बालिका के नाम पर जमा किया जा सकता है। इसके तहत अधिकतम जमा राशि दो लाख रुपये रखी गई है। योजना में आंशिक निकासी की सुविधा भी होगी। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण महिलाओं को एकत्र कर 81 लाख स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं।

## किसानों को क्या मिला?

पीएम किसान की रकम बढ़ने की उम्मीद लगाए किसानों को मायूसी हाथ लगी है। बजट में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देश के करोड़ों किसानों को सालाना 6000 रुपये की सहायता राशि में सरकार ने कोई बदलाव नहीं किया है। पहले की तरह उन्हें सालाना 2000-2000 की तीन किस्तें ही मिलती रहेंगी। बागवानी परियोजनाओं के लिए 2200 करोड़ की रकम जारी की जाएगी। वित्त मंत्री ने आम बजट में मिलेट्स की पैदावार में इजाफा करने का ऐलान किया है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत छोटे किसानों को 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता मुहैया कराई गई है। इसके साथ ही करीब तीन करोड़ महिला किसानों को योजना के तहत 54,000 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं।

**किसानों को क्रेडिट कार्ड के जरिए 20 लाख करोड़ तक ऋण बांटने का लक्ष्य :** इस साल 20 लाख करोड़ तक किसानों को क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण बांटने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों के लिए अब किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। यहां किसानों के लिए उनकी जरूरत से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध होगी। कृषि के क्षेत्र में ज्यादा स्टार्टअप शुरू कराने के लिए डिजिटल एक्सीलेटर फंड बनेगा। इसके जरिए स्टार्टअप शुरू करने वालों को मदद दी जाएगी।

## शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव के लिए मिली कई सौगात



740 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों के लिए अगले तीन वर्षों के दौरान 38,000 टीचर्स और सपोर्ट स्टाफ की भर्ती की जाएगी। इन स्कूलों के माध्यम से 3.5 लाख आदिवासी छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी जाती है। इसके अतिरिक्त, वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बच्चों और किशोरों के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की भी घोषणा की। सरकार द्वारा 2014 से अब तक 157 मेडिकल कॉलेजों की की गई स्थापना के साथ-साथ 157 नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जाएंगी। मेडिकल एजुकेशन में मल्टी-डिसिप्लिनरी स्टडी के लिए मैटेरियल की व्यवस्था की जाएगी। टीचर ट्रेनिंग के लिए अगले साल तक आधुनिक टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर भी खोले जाएंगे। देश के टॉप शिक्षा संस्थानों में 3 'एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' सेंटर खोले जाएंगे। इसमें प्राइवेट प्लेयर्स की रिसर्च एवं डेवेलपमेंट के लिए भागीदारी कराई जाएगी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरूआत अगले 3 वर्षों में की जाएगी। यूनिफाईड डिजिटल इंडिया प्लेटफॉर्म की स्थापना के साथ कौशल विकास में तेजी जाएगी। नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम की शुरूआत की जाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार आदिवासियों के लिए विशेष स्कूलों हेतु 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान है। सिविल सेवकों और सरकारी कर्मचारियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा।

## वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में निवेश की अधिकतम सीमा बढ़ी

सीतारमण ने वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में निवेश की जाने वाली अधिकतम राशि को बढ़ाकर 30 लाख रुपये किए जाने की भी घोषणा की। यह राशि अभी 15 लाख रुपये है। डाक मासिक आय योजना की भी सीमा में वृद्धि की गई है। किसी एक व्यक्ति के नाम पर अब 4.5 लाख रुपये के बदले 9 लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकेगा।

## मोबाइल फोन, टीवी, खिलौने सस्ते सोना, कपड़े, चिमनी छाते हुए महंगे

| ये चीजें सस्ती | ये चीजें महंगी |
|---|---|
| पीकन नट्स, मोबाइल फोन, | खास तरह की सिगरेट |
| खिलौना, मोबाइल कैमरा लैंस | तांबा |
| इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, साइकिल | छाते |
| आटीर्फीशियल डायमंड ज्वैलरी | विदेशी किचन चिमनी |
| बायोगैस, लीथियम सेल्स | सोना |
| एलईडी टीवी | प्लैटिनम |
| क्रूड ग्लिसरी | कपड़े |
| हीट कॉइल | विदेशी खिलौने |
| क्लीनिंग एजेंट | इंपोर्टेड चांदी के सामान |
| बायोगैस से जुड़ी चीजें | कंपाउंडेड रबर |



### सोने-चांदी पर बढ़ी ड्यूटी

देश में इस समय सोने-चांदी के उत्पादों की खपत बहुत ज्यादा है और सरकार के सामने सोने की अवैध आवाजाही की भी समस्या है। इसे एड्रेस करने के लिए सोने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी में बदलाव किया जा रहा है।

### इलेक्ट्रॉनिक बाजार में ये चीजें होंगी महंगी

किचन इलेक्ट्रिक चिमनी पर कस्टम ड्यूटी 7.5 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दी गई है, जिससे इलेक्ट्रिक चिमनी महंगी हो जाएंगी।

### जीएसटी के दायरे में इस समय 90 फीसदी प्रोडक्ट्स

साल 2017 के बाद लगभग 90 फीसदी प्रोडक्ट की कीमत जीएसटी पर निर्भर करती है, जिसे जीएसटी काउंसिल निर्धारित करती है। वर्तमान में जीएसटी के टैक्स स्लैब में चार दरें (5, 12,, 18, और 28 फीसदी पर हैं। जीएसटी से जुड़े सभी फैसले जीएसटी काउंसिल ही लेती है जिसके बाद उत्पादों के दाम घटते-बढ़ते हैं।

## रेलवे का बजट बढ़ाकर 2.4 लाख करोड़ किया गया

बजट भाषण के दौरान रेलवे का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बताया कि रेलवे के बजट को बढ़ाकर इस बार 2.4 लाख करोड़ कर दिया गया है। बता दें कि पिछले साल यानी 2022 में रेलवे का कुल बजट 140367.13 करोड़ रुपये था। वित्त मंत्री ने बताया कि साल 2013-14 के मुकाबले रेलवे का ये बजट लगभग 9 गुना ज्यादा है। वित्त मंत्री ने बताया कि रेलवे में 100 नई योजनाओं की शुरूआत होगी। निजी क्षेत्र की मदद से 100 योजनाओं की पहचान की गई है। जिस पर आगे काम किया जाएगा। रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त फंड दिया गया है। आने वाले वित्त वर्ष में जो नई परियोजना शुरू होंगी उन पर इसे खर्च किया जाएगा। बजट में इस बार रेलवे का बजट बढ़ाने के अलावा ज्यादा एलान नहीं किए गए हैं, क्योंकि पहले से ही रेलवे की कई अहम परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें बुलेट ट्रेन परियोजना, रैपिड ट्रेन, चिनाब नदी रेलवे ब्रिज, बइरबी-साईरंग नई लाइन रेलवे परियोजना आदि शामिल हैं।

## मनरेगा के फंड में 21.66 फीसदी की कटौती आवास योजना के लिए फंड 172 फीसदी बढ़ा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बजट 2023 का खाका देखें तो साफ लगता है कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार के मन को मनरेगा नहीं भा रही है। यही वजह है कि पिछले बजट की तुलना में इस बार योजना को आवंटित फंड में 21.66 फीसदी की कटौती की गई है। इसके उलट प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बजट में भारी बढ़ोतरी की गई है। सरकार को पता है कि गांवों में रहने वाले लोगों के लिए अपने पक्के घर का सपना कितना अहम होता है। शायद इसी वजह से आवास योजना को सरकार विशेष तरजीह दे रही है। आवास योजना के लिए आवंटित फंड में 172 फीसदी का इजाफा किया गया है। 2023-24 के बजट में मनरेगा के लिए 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 2022-23 में स्कीम के लिए खर्च होने वाली रकम का आकलन 73 हजार करोड़ रुपये था। रिवाइज्ड एस्टीमेट में ये रकम 89 हजार 400 करोड़ रुपये थी। इन आंकड़ों को देखकर साफ लगता है कि सरकार मनरेगा को तवज्जो नहीं दे रही है। 2021-22 में योजना के तहत सरकार ने 98,468 करोड़ रुपये खर्च किए थे। खास बात है कि बुधवार को बजट पेश करते समय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मनरेगा का केवल एक बार जिक्र किया। साफ है कि सरकार की प्राथमिक सूची से मनरेगा गायब हो रही है।



इसके उलट पीएम आवास योजना के बजट में भारी उछाल देखने को मिला है। इस योजना के दो भाग हैं। एक के तहत शहरी हिस्सा कवर होता है तो दूसरे के तहत ग्रामीण। पीएम आवास योजना के तहत 66 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। यानि 79 हजार करोड़ का इसमें इजाफा हुआ है। बजट से जुड़े दस्तावेज बताते हैं कि वित्त मंत्री ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 54 हजार 487 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। 2022-23 में इस मद में आवंटित रकम 20 हजार करोड़ रुपये थी। पिछले साल स्कीम का रिवाइज्ड एस्टीमेट 48 हजार 422 करोड़ रुपये था। ग्रामीण को आवंटित रकम में 50 हजार 486.99 करोड़ रुपये प्रोग्राम कंपोनेंट के तहत रखी गई है। जबकि 4 हजार करोड़ रुपये का भुगतान नाबार्ड को किया जाना है। ये रकम ब्याज की अदायगी के तौर पर खर्च होगी। योजना के बजट से ज्यादा खर्च होने पर सरकार ने लोन लिया था।

## बजट में महिला सशक्तिकरण, पर्यटन पर जोर : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** बजट पेश करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, हमने MSME को राहत दी है। बजट में महिला सशक्तिकरण, पर्यटन पर जोर दिया गया। हम फिनटेक, औद्योगीकरण,डिजिटल अर्थव्यवस्था को भारत की डिजिटल शक्ति के रूप में देख रहे हैं। कृषि ऋण में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत आय कर में बदलाव देखा गया है और यह लंबे समय बाद हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि बजट 2023 पूंजी निवेश को एक बड़ा कदम देता है। यह एमएसएमई को भी छूता है क्योंकि वे विकास के इंजन हैं। यह पूंजी निवेश को बनाए रखता है और निजी क्षेत्र को भी एक पुश देता है जबकि व्यक्तियों और मध्यम वर्ग को कर राहत भी देता है। उन्होंने कहा, कृषि ऋण उपलब्धता में बहुत वृद्धि हुई है। कृषि ऋण के लिए 20 लाख रुपये उपलब्ध कराये जा रहे हैं। साथ ही, पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत एक उप-योजना यह सुनिश्चित करती है कि तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग इससे लाभान्वित हों।

वित्त मंत्री ने कहा, लोगों को औद्योगिक क्रांति 4.0 के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा, हम जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल अर्थव्यवस्था को खोलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, नई टैक्सेशन व्यवस्था को अब अधिक प्रोत्साहन और आकर्षण मिला है ताकि लोग बिना किसी हिचकिचाहट के पुराने से नए की ओर जा सकें।

## खबरें फटाफट

### धनबाद के आशीर्वाद ट्विन टावर में आग लगने से 14 लोगों की मौत, कई घायल

**धनबाद।** धनबाद के आशीर्वाद ट्विन टावर में मंगलवार को हुई भीषण अगलगी में 14 लोगों की जानें चली गईं। इसमें 10 महिलाएं, 3 बच्चे और एक बुजुर्ग शामिल हैं। 35 से अधिक लोगों को बचा लिया गया है। इसमें से कई गंभीर हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। गुरुवार को इस मामले में सुनवाई होगी। आग मंगलवार शाम साढ़े छह बजे जोड़ा फाटक स्थित दस मंजिला आशीर्वाद ट्विन टावर के थर्ड फ्लोर के एक फ्लैट में लगी। पूजा के लिए लगाए गए दीये को बच्चे ने गिरा दिया। आग कारपेट में लगी और पूरे फ्लैट में फैल गई। सिलेंडर की वजह से आग और भड़क गई। इसके बाद एक फ्लोर से दूसरे फ्लोर तक आग फैलने लगी। चौथी मंजिल पर शादी वाले फ्लैट के लोगों ने आग देखी तो उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर गार्ड बाहर निकला। उसने सबसे पहले बिजली और लिफ्ट का कनेक्शन काट दिया। लोग चारों तरफ से आग की लपटों में घिर गए। लोग फ्लैट से बाहर निकलकर बालकनी में आ गए। मदद के लिए महिलाएं और बच्चे चीखने लगे। कुछ सीढ़ियों से उतरकर भागने लगे, लेकिन नीचे और ऊपर आग लगी होने की वजह से घिर गए। उन्हें निकलने का मौका नहीं मिला। वे वहीं पर जल गए।


### 28 फरवरी को पेश होगा बिहार का बजट

**पटना।** बिहार विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत 27 फरवरी से होगी। 5 अप्रैल तक बजट सत्र चलेगा। जिसमें 28 फरवरी को बिहार का बजट पेश किया जाएगा। इससे पहले 27 फरवरी को बिहार विधानसभा और बिहार विधान की संयुक्त बैठक होगी। जिसमें राज्यपाल फागू चौहान अभिभाषण करेंगे। इसी दिन बिहार का आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश कर दिया जाएगा। बजट सत्र में 22 बैठकें आयोजित की गई हैं। इनमे पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर 2 दिन बाद बहस होगी। 2023-24 के बजट पर सामान्य विमर्श 2 दिन होंगे। इसके अलावा 2022-23 के तृतीय अनुपूरक बजट व्यवस्थापन के लिए एक दिन रखा गया है।

## अमृत काल का यह पहला बजट विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखेगा : पीएम मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय बजट 2023-24 को बुधवार को संसद में पेश किया गया। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृत काल का यह पहला बजट विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखेगा। यह बजट गरीब, मध्यम वर्ग, किसान सहित आकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने गांवों और शहरों में महिलाओं का स्तर आसान और सरल बनाने के लिए बजट में कई कदम उठाए हैं। महिला स्वयं सहायता समूह इसे और आगे बढ़ाएंगे। घरों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विशेष बचत योजनाएं शुरू की जाएंगी। साथ ही बजट में किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान किया गया है, जो देश की रीढ़ हैं और हमको आत्मनिर्भर बना रहे हैं।



### मध्यम वर्ग देश की बड़ी ताकत

पीएम मोदी ने कहा कि देश के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। देश में नए निवेश से नौकरी के नए अवसर बनेंगे। कहा कि मध्यम वर्ग देश की बड़ी ताकत और हर वर्ग हर क्षेत्र की प्रमुख धारा है। उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने की कोशिश हुई है। उन्होंने कहा पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा। कृषि स्टार्टअप्स बनाने पर सरकार जोर दे रही है। मिलेट्स के लिए भारत को वैश्विक हब बनाने पर जोर है।

**संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट को भाजपा नेताओं ने बताया शानदार, विपक्ष ने नकारा**

## योगी, शिवराज ने बजट को सराहा, अखिलेश बोले-निराशाजनक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्रीय बजट 2023-24 में 'न्यू इंडिया' का विजन है। उन्होंने हिंदी में एक साथ कई ट्वीट करते हुए कहा कि बजट नए भारत के दृष्टिकोण, देश की समृद्धि और 130 करोड़ भारतीयों की सेवा करने का लक्ष्य रखता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित आयकर राहत का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे मध्यम वर्ग के लिए अधिक बचत सुनिश्चित होगी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद चिराग पासवान ने बजट का स्वागत किया और कहा कि इसमें समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है।





कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुल खड़गे ने बजट को चुनावी बताते हुए कहा कि इस बजट में गरीबों के लिए कुछ भी नहीं है और न ही महंगाई को कंट्रोल करने के लिए कुछ किया है। इसे 3-4 राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभों चुनावों पर फोकस करते हुए पेश किया गया है। इसमें न तो नौकरियां के लिए कोई कदम उठाया गया है। सरकारी विभागों और मनरेगा में खाली पदों को भरने के लिए कोई घोषणा नहीं की गई। वहीं, कांग्रेस महासचिव और मीडिया प्रभारी जयराम रमेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वास्तविक व्यय पिछले साल के बजट की तुलना में काफी कम था। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हेडलाइन मैनेजमेंट वाली रणनीति है जिसमें वादे तो अधिक किए जाते हैं लेकिन डिलिवर कम किया जाता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि वित्त मंत्री का बजट भाषण सरकार के पुराने वादों को जुमलों से ढकने का प्रयास है। हमें उम्मीद थी कि वित्त मंत्री उन घोषणाओं पर प्रकाश डालेंगे जिन्हें 2022 में पूरा किया जाना था। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा, 'भाजपा अपने बजट का दशक पूरा कर रही है, पर जब जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देगी। भाजपाई बजट महंगाई व बेरोजगारी को और बढ़ाता है। किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है, क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुंचाने के लिए बनता है।' आप आम आदमी पार्टी ने 2014 से प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने के वित्त मंत्री सीतारमण के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'अमृत काल' है।

## खबरें फटाफट

### बेटे की सगाई के एक दिन पहले हादसे में किसान की मौत

**आरा।** जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनिया रेलवे क्रासिंग के समीप मंगलवार की रात एक कार कुहासे के कारण पेड़ से टकरा गयी। उसमें कार चला रहे किसान की मौत हो गयी। इलाज के दौरान गड़हनी पीएचसी में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदरहा गांव निवासी स्व. श्रीनिवास सिंह के 50 वर्षीय पुत्र राजाराम सिंह थे। बुधवार को ही उनके बेटे की सगाई होने वाली थी। वहां अपने नाती के घर निमंत्रण देने गये। उसके बाद वह अपनी बहन के घर धमनिया जा रहे थे। उसी दौरान कुहासे के कारण उनकी कार पेड़ से टकराकर चाट में पलट गयी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। कुछ देर बाद गड़हनी थाने की पुलिस पहुंची तो उन्हें जख्मी हालत में देखा। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। उसके बाद पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गयी और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### नकल नहीं करने दी तो परीक्षार्थी को पीटा


**जहानाबाद।** जिले में इंटरमीडिएट की परीक्षा चल रही है। केंद्र के अंदर भले ही कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित हो रही हो, लेकिन परीक्षा हॉल में पास में बैठे परीक्षार्थी को नकल नहीं करने देना दूसरे परीक्षार्थियों के लिए महंगा पड़ गया। प्रथम पाली की परीक्षा समाप्ति के बाद सड़क पर एक परीक्षार्थी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर दो परीक्षार्थी एवं उसके अभिभावक को लाठी डंडे एवं बेल्ट से बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना टेहटा ओपी क्षेत्र के सरेन मोड़ स्थित एनएच-83 की है। लहूलुहान होने के बाद सभी शरारती तत्वों मौके से भाग निकले। स्थानीय लोगो की मदद से तीनों घायलो को आनन फानन में सदर में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घायल छात्र ने बताया कि परीक्षा देने के क्रम में पास के एक लड़के प्रश्न के उत्तर बताने को लेकर दबाब बना रहे थे जब उत्तर बताने से मना किया तो वे देख लेने की धमकी भी दिए। जब परीक्षा देकर लौट रहे थे तब वे अपने 10-15 सहयोगियों के साथ हाथों में बांस बल्ला, लाठी, डंडे एवं हाथों में हथियार लिए सरेन मोड़ के समीप एनएच-83 पर खड़े थे। जैसे ही हमलोग वहां से गुजरने लगे तो वे लोग बाइक रुकवाकर लाठी, डंडे एवं बेल्ट से मारपीट कर घायल कर दिया और मौके से भाग गया। वहीं इस घटना के बाद सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

# रहें सावधान... हर समय चक्कर आना हो सकता है ब्रेन टीबी का शुरूआती लक्षण

- ❐ फेफड़ों के अलावा शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है टीबी का बैक्टीरिया
- ❐ किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है ब्रेन टीबी, यह बच्चों में भी हो जाती है विकसित

केटी न्यूज/बक्सर

टीबी को लेकर अभी लोगों में जानकारी का अभाव देखने को मिलता है। अनुमन लोगों में यह धारणा है कि टीबी सिर्फ सांस से जुड़ी बीमारी है। लेकिन, लोगों को यह समझना होगा कि फेफड़ों के अलावा भी टीबी कई प्रकार की होती है। इसमें से ही एक होती है दिमाग की टीबी। ऐसे तो दिमाग की टीबी एक-दूसरे से नहीं फैलती लेकिन, जब फेफड़ों की टीबी से संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता है तो उसके मुंह से निकली बूंदें दूसरे व्यक्ति के अंदर प्रवेश कर जाती हैं। ये बूंदें यदि दिमाग में प्रवेश कर जाती हैं तो व्यक्ति के दिमाग में टीबी या ब्रेन टीबी होने की संभावना होती है। दिमाग में होने वाली टीबी को मेनिनजाइटिस भी कहा जाता है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में लगभग 2.79 मिलियन लोग इस बीमारी के शिकार हैं।



**ब्लड के द्वारा अन्य अंगों में फैलता है टीबी का बैक्टीरिया :** टीबी के बारे में तो हम सब ही जानते हैं कि, यह एक बैक्टीरियल इंफेक्शन है जो फेफड़ों को प्रभावित करता है। चिकित्सकों के अनुसार टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। इस संक्रमण का यदि सही समय और ढंग से इलाज न कराया जाए तो यह बैक्टीरिया ब्लड के द्वारा अन्य अंगों में भी फैल सकता है। कई बार यह बैक्टीरिया ब्रेन और रीढ़ की हड्डी पर भी अटैक कर देता है जिस वजह से ब्रेन टीबी हो जाती है।

**लक्षणों को मरीज मामूली न समझें :** डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के कंस्ल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया, ब्रेन टीबी के मरीजों को प्रारंभिक दौर में सुबह उठकर चक्कर और उल्टी आने जैसा लगता है। हमेशा सिर दर्द बना रहता है और यह दर्द दवाइयां खाने के बाद भी नहीं जाता। इन लक्षणों को मरीज मामूली न समझें। ऐसे लक्षण ब्रेन टीबी के भी हैं। ब्रेन टीबी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। यह बच्चों में भी विकसित हो जाती है। इसके बारे में पता लगते ही व्यक्ति को इसे तुरंत दिखा लेना चाहिए, क्योंकि इसमें लापरवाही से जान का खतरा हो सकता है। जैसे ही मरीज को ब्रेन टीबी के लक्षण दिखाई देते हैं, उसे तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। ब्रेन टीबी में लापरवाही मरीज के लिए घातक हो सकती है।

### ब्रेन टीबी के लक्षण

टीबी मेनिनजाइटिस के लक्षण आमतौर पर धीरे-धीरे दिखाई देते हैं। जो हफ्ते दर हफ्ते गंभीर होते जाते हैं। शुरूआत में यह लक्षण सामान्य लगते हैं, जिन्हें पहचानना थोड़ा मुश्किल हो जाता है।

- ⇨ चक्कर आना
- ⇨ कमजोरी महसूस होना
- ⇨ हल्का फीवर रहना
- ⇨ बीमारी बढ़ने पर गर्दन में अकड़न
- ⇨ लगातार सिरदर्द होना
- ⇨ उलझन महसूस होना
- ⇨ अधिक गुस्सा करना

### ब्रेन टीबी के कारण

- ⇨ फेफड़ों के टीबी वाले मरीजों में इसके फैलने की संभावना
- ⇨ समय पर टीबी का इलाज और कोर्स पूरा ना करने वाले लोगों में ब्रेन टीबी का खतरा
- ⇨ एचआईवी से संक्रमित लोग
- ⇨ धूम्रपान और शराब का अधिक सेवन करने वाले लोग
- ⇨ डायबिटीज रोगियों को भी ब्रेन टीबी का खतरा अधिक
- ⇨ कमजोर इम्यूनिटी वाले रोगियों को भी इसका खतरा
- ⇨ किडनी फेल्योर

## प्रोफेसर के छोटे भाई के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी

# दंपति हत्याकांड: पति-पत्नी का कत्ल कर दो लाख एवं जेवरात लूट ले गए अपराधी

- ■ सीसीटीवी में बैग लेकर जाते दिख रहे संदिग्ध पर हत्या व लूट का संदेह
- ■ घटना की छानबीन व संदिग्ध की धरपकड़ में जुटी पुलिस की विशेष टीम

केटी न्यूज/आरा

नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा वीर कुंवर सिंह नगर निवासी प्रोफेसर दंपति की बेरहमी से हत्या करने के बाद अपराधी करीब दो लाख नगद और घर में रखे जेवरात भी लूट ले गए हैं। अपराधी प्रोफेसर दंपति के दोनों मोबाइल भी लेते गये हैं। उसमें एक आई फोन प्रो 11 मोबाइल भी है। दंपति हत्याकांड को लेकर नवादा थाने में दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है। इस मामले में दिवंगत भाजपा नेता सह रिटायर प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह के छोटे भाई प्रो. हीरा प्रसाद सिंह की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें अज्ञात व्यक्तियों पर दंपति की हत्या करने के बाद पैसे, जेवरात व मोबाइल लूट ले जाने का आरोप लगाया गया है। इधर, सीसीटीवी में बैग लेकर जाते दिख रहे संदिग्ध पर ही घटना को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, मामले की तफ्तीश में जुटी एसपी की ओर से गठित विशेष टीम संदिग्ध की धरपकड़ को लेकर छापेमारी कर रही है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। हालांकि संदिग्ध का अबतक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। एसपी प्रमोद कुमार के अनुसार घटना की जांच की जा रही है। संदिग्ध की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। अपराधी जल्द गिरफ्तार कर लिए जायेंगे।

**घर में हमेशा करीब दो लाख रुपए रखते थे प्रोफेसर साहब :** वीर कुंवर सिंह विवि कैंपस के क्वार्टर नंबर पांच में रहने वाले प्रोफेसर हीरा प्रसाद सिंह द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 30 जनवरी की रात करीब सवा नौ बजे जमेशदपुर में रहने वाले उनके बड़े भाई बृज बिहारी सिंह द्वारा फोन कर बताया गया कि मंझले भाई महेंद्र प्रसाद सिंह का मोबाइल बंद आ रहा है। जाकर पता कीजिए कि क्या बात है? उस पर वह तुरंत कतीरा के वीर कुंवर सिंह नगर स्थित मंझले भाई के आवास पर पहुंचे, तो देखा कि पुलिस और आसपास के लोग मौजूद हैं। घर के अंदर बड़े भाई महेंद्र प्रसाद सिंह और भाभी प्रोफेसर पुष्पा सिंह का खून से लथपथ शव पड़ा है। भाभी का शव बेड रूम में जबकि भाई का शव डाइनिंग रूम में पड़ा था। तलाशी के दौरान पता चला कि अलमीरा से करीब दो लाख नगद, भाभी के गले की सोने की चेन, कान की बाली, भाई का आईफोन और भाभी का सैमसंग मोबाइल गायब है। प्रोफेसर हीरा प्रसाद सिंह के अनुसार उनके उनके भाई हमेशा घर की अलमारी में करीब दो लाख नगद रखते थे। उनको भाभी भाभी गले में सोने की चेन और कान में बाली पहनती थी।

**आखिर क्या है संदिग्ध का कपड़े बदलने का राज? :** प्रोफेसर दंपति हत्याकांड में सभी की नजर सीसीटीवी में दिख रहे संदिग्ध युवक पर है। हत्याकांड में उस संदिग्ध की संलिप्तता भी मानी जा रही है। हालांकि उस संदिग्ध को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं। संदिग्ध कौन है और वह दंपति के घर कब से आ रहा है? प्रोफेसर दंपति से उसका संबंध क्या था? उसके कपड़े बदलने के पीछे का राज क्या है? बता दें कि 29 जनवरी को फुटेज में उसे प्रोफेसर के घर कई बार आते-जाते देखा गया है। उस दिन सुबह में वह टीशर्ट या हाफ शर्ट घर में आते देख जा रहा है। लेकिन दोपहर में उसे फुल शर्ट पहने जाते देखा जा रहा है। आते समय उसने जूते नहीं पहने था, जबकि घर से निकले वक्त जूते भी पहन रखा था। वैसे तो सीसीटीवी फुटेज के अनुसार उसे पहली बार 22 जनवरी को देखें जाने की बात कही जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि वह कुछ रोज से दंपति के घर खाना बना रहा था। 29 जनवरी के फुटेज में उसे प्रोफेसर के घर खाना बनाते और कुछ फेंकते देखें जाने की बात भी कही जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध को प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह के घर से एक बैग लेकर जाते देखा जा रहा है। यह आशंका जताई जा रही है कि संदिग्ध घटना कै बाद नगदी, जेवर, कपड़े और हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार छुपा कर ले जा रहा है। ताकि आसपास के लोगों को भनक नहीं लग सके। बताते चलें कि दंपति के कत्ल के बाद घटनास्थल से धारदार हथियार आदि भी बरामद नहीं हो सका है।



जांच को पहुंची डॉग स्क्वायड की टीम की फाइल फोटो



सीसीटीवी फुटेज में दिखता संदिग्ध

### प्रोफेसर दंपति की हत्या की वजह पर सस्पेंस बरकरार

मूल रूप से रोहतास जिले के नासरीगंज थाने के अगनी गांव निवासी भाजपा नेता प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह व उनकी प्रोफेसर पत्नी पुष्पा सिंह की हत्या के कारणों को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। इस चर्चित मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी को सुलझाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि तफ्तीश कर रही पुलिस का मानना है कि गुत्थी जल्द ही सुलझा दी जाएगी। कातिल को चिन्हित कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद सबकुछ साफ हो जाएगा। शुरूआती जांच में पुलिस द्वारा भी चोरी के दौरान हत्या किये जाने की आशंका जतायी जा रही है। परिजनों की ओर से भी हत्या के बाद दो लाख नगद और जेवरात गायब होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रोफेसर अक्सर घर में नकदी रखते थे। ऐसे में यह आशंका जताई जा रही है कि संदिग्ध युवक को नगदी की भनक लग गई हो। उसके बाद लालच में आकर संदिग्ध द्वारा इस घटना को अंजाम दे डाला गया हो। हालांकि जिस बेरहमी से पति-पत्नी का कत्ल किया गया है। उससे महज लूटपाट के दौरान हत्या किये जाने की बात कुछ जंच नहीं रही है। बहरहाल यह तो जांच और कातिल के पकड़े जाने के बाद ही क्लीयर हो सकेगा।

### तीनों बेटियों ने अर्थी को दिया कंधा

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा वीर कुंवर सिंह नगर निवासी प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह और उनकी प्रोफेसर पत्नी पुष्पा सिंह का बुधवार का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़हरा के महुली गंगा घाट पर दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह के बड़े भाई बृज बिहारी सिंह के के पुत्र द्वारा दंपति को मुखाग्नि दी गयी। एक साथ पति-पत्नी की चिता सजाई गयी थी। इधर, एक साथ पति-पत्नी की अर्थी निकलते देख लोग फफक पड़े। वहीं घर के अन्य सदस्यों के साथ दंपति की तीनों बेटियों और दामाद द्वारा भी अर्थी को कंधा दिया गया। घर से माता-पिता की अर्थी को कंधा देकर घर से निकल रही बेटियों को देख लोगों की आंखें छलक जा रही थी।

## एक नजर

### निगरानी विभाग ने पंचायत न्याय सचिव को दस हजार घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार



आरा। भोजपुर जिले में निगरानी विभाग की टीम ने एक न्याय पंचायत सचिव को दस हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी विभाग ने उसे जगदीशपुर प्रखंड के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर 4 स्थित उसके कार्यालय से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार न्याय पंचायत सचिव जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव निवासी मंतोष कुमार राम है। वह संविदा पर न्याय पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत था एवं जगदीशपुर वार्ड नंबर 4 में किराये के रूम में अपना कार्यालय चलाता था। बताया जाता है कि जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर 17 निवासी मो.इमरान ने सवा 16 डिसमिल जमीन का मोटेशन कराने न्याय पंचायत सचिव के पास गए थे। जिसको लेकर न्याय पंचायत सचिव मंतोष कुमार राम द्वारा उनसे दस हजार रुपये घूस की मांग की गई थी। जिसके बाद मो.इमरान अली द्वारा इसकी शिकायत निगरानी विभाग के पटना कार्यालय में की गई। जिसके बाद निगरानी विभाग द्वारा इसकी जांच की गई और जांच के दौरान मामला सत्य पाया गया। जिसके बाद निगरानी विभाग की टीम द्वारा एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद रणनीति के तहत निगरानी की टीम ने बुधवार की दोपहर जगदीशपुर वार्ड नंबर 4 स्थित उसके कार्यालय से दस हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात निगरानी विभाग की टीम उसे अपने साथ पटना ले गई।

### गरीब, किसान व आमजन विरोधी है केन्द्र सरकार का आम बजट: राजद अध्यक्ष




**जहानाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर ने केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया देश का आम बजट को गरीब, किसान व आमजन विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि बजट से गरीब वंचित रह जाएंगे और सिर्फ एक वर्ग के लोगों को इस बजट से फायदा होगा। साथ ही, इस बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं है। किसानों की एमएसपी की बात नहीं की है। रेलवे को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। आधी से ज्यादा आबादी गांव में बसती है लेकिन उनके लिए भी कुछ नहीं किया है। यह बहुत हीं निराशाजनक बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में महंगाई काबू करने और बेरोजगारी को संभालने पर इसमें कुछ भी नहीं कहा गया। उन्होंने कहा कि टैक्स स्लैब को 5 से 7 लाख रुपए कर देना ऊंट के मुंह में जीरा देने के सामान है। बजट में केवल मीडिया में हेडलाइन बनाने वाले जुमलों का इस्तेमाल किया गया है। वहीं, केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं महिला एवं बाल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की उपेक्षा पिछले सालों की तुलना में इस बजट में भी नगण्य वृद्धि कर की गई है। उन्होंने कहा कि आम बजट से गरीब, किसान व आम आदमी का जीवन और भी मुश्किल हो सकता है। आम बजट को गरीब व किसान विरोधी बताने वालों में स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश दास, प्रवक्ता डॉ शशिरंजन, प्रधान महासचिव परमहंस राय, पैक्स अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, सुरेश यादव, पप्पू मल्लिक, भोली यादव अरमान मल्लिक आदि शामिल हैं।

## फाइलेरिया और कालाजार समेत 20 बीमारियां एनटीडी में शामिल

# एनटीडी की जानकारी और जागरूकता जरूरी: डॉ. सिन्हा

केटी न्यूज/आरा

विश्व में हर पांच में से एक व्यक्ति उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (एनटीडी) रोगों से पीड़ित है। दुनिया में इन 11 बीमारियों का भारी बोझ भारत पर भी है। इन रोगों से रोगी में दुर्बलता तो आती ही है, कई स्थितियों में ये पीड़ित व्यक्ति की मौत का कारण भी बनती हैं। कालाजार और फाइलेरिया जैसी परजीवी रोगों समेत भारत में कम-से-कम 20 उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग मौजूद हैं। जिससे देश भर में लाखों लोग प्रभावित होते हैं। इनमें प्रायः अधिकतर लोग गरीब एवं संवेदनशील वर्ग से होते हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कस्बा में जनजागरूकता के लिए सीफार संस्था के सहयोग से विश्व एनटीडी दिवस का आयोजन किया जा रहा है।



**कालाजार के लक्षण दिखने पर मरीजों को आर्थिक सहायता का मिलेगा लाभ :** डॉ. सिन्हा ने बताया कि कालाजार से पीड़ित रोगी को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री कालाजार राहत योजना के तहत श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में बीमार व्यक्ति को राज्य सरकार द्वारा 6600 रुपए और केंद्र सरकार द्वारा 500 रुपए दिए जाते हैं। यह राशि कालाजार संक्रमित व्यक्ति को संक्रमण के समय में दिया जाता है। वहीं पीकेडीएल चमड़ी से जुड़े कालाजार संक्रमित रोगी को केंद्र सरकार की तरफ से 4000 रुपए दिए जाते हैं।

### आरके 39 किट से की जाती है जांच

प्रभारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि वैसे व्यक्ति जिन्हें बुखार न हो लेकिन उनके शरीर के चमड़े पर चकता अथवा दाग हो किन्तु उसमें सूनापन न हो तथा वे पूर्व में कालाजार से पीड़ित रहे हो, वैसे व्यक्तियों को आरके-39 किट से जांच हेतु पीएचसी को रेफर किया जाता है। कालाजार मरीजों के इलाज की सुविधा जिले के सभी पीएचसी में निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति ने कालाजार का इलाज पूर्व में कराया हो फिर भी उन में बुखार के साथ कालाजार के लक्षण पाये जाएं तो उन्हें आरके-39 किट से जांच न करते हुए बोन मैरॉव या स्पिलीन जांच के लिए आशा द्वारा उन मरीजों को सदर अस्पताल रेफर किया जाता है तथा उनके नाम की प्रविष्टी रेफरल पर्ची में की जाती है।

**एनटीडी को लेकर लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है :** डॉ. सिन्हा ने कहा कि फाइलेरिया एवं कालाजार सहित एनटीडी की सूची में शामिल सभी 20 रोगों की जानकारी एवं जागरूकता होना बहुत जरूरी है। इसमें कई ऐसे रोग शामिल हैं। जिसमें जान तो नहीं जाती, लेकिन जिंदा आदमी को मृत के समान बना देती है। फाइलेरिया भी ऐसी ही एक बीमारी है जिसे हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। फाइलेरिया के प्रमुख लक्षण हाथ या पैर या हाइड्रोसिल में सूजन का होना होता है। यह क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाली एक गंभीर बीमारी है। अगर समय पर फाइलेरिया की पहचान कर ली जाए तो जल्द इलाज शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों में इसको लेकर जागरूकता बहुत जरूरी है। इसलिए लोग अपने घर के आस-पास गंदा पानी नहीं जमा होने दे और सोते समय मच्छरदानी रोजाना उपयोग करें।




## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी को ले अभियान, एक धराया

**डुमरांव।** बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। कोरानसराय विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता अर्जुन वर्मा व नया भोजपुर के कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान के तहत नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव में अवैध रूप से बिजली ऊर्जा का उपयोग करते हुए एक उपभोक्ता को पकड़ा गया, जिसके खिलाफ 133006 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए ओपी थाने में मामला दर्ज कराया है। पकड़ा गया आरोपी चिलहरी गांव का रहने वाला संजीव राय बताया जाता है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि आरोपी के ऊपर विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### स्कार्पियो ने दो बाइक में मारी टक्कर, 6 जख्मी

**कृष्णाब्रह्म।** बुधवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एनएच 922 के धरहरा गांव के समीप एक बेलगाम स्कार्पियो ने दो बाइक में टक्कर मार दिया। इस टक्कर में इंटरमीडिएट की चार परीक्षार्थी समेत कुछ छह लोग जख्मी हो गए। जख्मियों को दो छात्राओं की हालत नाजूक है। जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव के किसी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देकर चार छात्राएं दो बाइकों पर जा रही थी। एक बाइक कठार खुर्द गांव की थी तथा दूसरी पर नैनीजोर की छात्राएं बैठी थी। इस दुर्घटना में दोनों बाइक चालक व चारों छात्राएं जख्मी है। दुर्घटना को अंजाम दें स्कार्पियों चालक भागने में सफल रहा। कृष्णाब्रह्म थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष पीके देव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### स्टेशन के पास से बाइक चोरी, प्राथमिकी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरांव रेलवे स्टेशन स्थित टिकट काउंटर के समीप खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। इस मामले में पीड़ित बक्सर के औद्योगिक थाना स्थित दलसागर निवासी रितेश पासवान ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। बताया जाता है कि पीड़ित अपने पिता हरिशंकर पासवान को ट्रेन में छोड़ने बाइक से रेलवे स्टेशन गया था। रेलवे स्टेशन स्थित टिकट काउंटर के समीप बाइक को खड़ा कर प्लेटफार्म पर चला गया। जब उधर से लौटा तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कोई सुराग नही मिला तो डुमरांव थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# वेद कल्प वृक्ष है और भागवत उस कल्प रूपी वृक्ष का परिपक्व फलः उमेश ओझा

- व्यास पीठ पूजन के साथ 15 वां प्रिया प्रियतम मिलन महोत्सव शुरू, नौ दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ
- नया बाजार स्थित श्रीसीताराम विवाह महोत्सव में हो रहा है आयोजन

केटी न्यूज/बक्सर

नया बाजार स्थित श्री सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में पूज्य नारायण दास भक्तमालि उपाख्य मामाजी महाराज के पावन स्मृति में आज से 15 वें श्री प्रिया प्रियतम मिलन महोत्सव का शुभारंभ पूज्य संतों की उपस्थिति में व्यास पीठ पूजन के साथ हो गया।

आश्रम के महंत श्री राजाराम शरण जी महाराज जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ व्यासपीठ का पूजन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसी के साथ ही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भी आज से हुआ। भागवत कथा की शुरूआत करते हुए प्रख्यात कथावाचक श्रीवृंदावन धाम से पधारे उमेश भाई ओझा ने श्रीमद्भागवत महात्म्य की चर्चा करते हुए कहा कि वेद कल्पवृक्ष है और श्रीमद्भागवत उस वेद रूपी कल्पवृक्ष का परिपक्व फल है, जो भक्ति रूपी रस से भरा हुआ है।



उन्होंने कहा भागवत में चार अक्षर हैं भा, ग, व और त। कथा व्यास ने भा की व्याख्या करते हुए कहा कि 'भा' से तात्पर्य भाष्यते सर्व वेदाषु अर्थात भागवत जी वो है जिसका प्रकाश चारों वेदों में फैला हुआ है। जबकि 'गा' से तात्पर्य है गीयते नारदिदिशु अर्थात जिन का गुणगान नारद आदि भक्त कवियों ने गाया है। 'व' का तात्पर्य वदन्ति त्रिभुवन लोकेषु अर्थात जिनका गुणगान तीनों लोकों में होता है। जबकि 'त' का तात्पर्य तरन्ति भवसागरण अर्थात जो भवसागर अर्थात जन्म मरण के चक्र एवं काम क्रोध लोभ मद भवसर इन षड् विकारों को समाप्त कर देता है वह श्रीमद्भागवत है।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत के श्लोकों का नित्य गान करने वाले मनुष्य के करोड़ों जन्म का पाप जलकर खाक हो जाता है। अगर कोई व्यक्ति भागवत जी का एक श्लोक या आधा श्लोक गाता है तो स्वयं भगवान श्रीकृष्ण श्रीराधा रानी जी के साथ वहां उपस्थित होकर उसके श्लोक के स्वर में स्वर मिलाकर बंसी की मधुर तान करने लगते हैं। महाराज जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवन से कलयुग के पांच प्रकार के महापापों का भी समूल नाश हो जाता है। श्रीमद् भागवत कथा के गायन अथवा श्रवण से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और वह व्यक्ति बैकुंठ धाम जाने का अधिकारी बन जाता है। इसका ज्वलंत उदाहरण धुंधकारी की कथा से मिलता है। धुंधकारी आत्मदेव जी के दो पुत्रों में से एक था। अपने पाप कर्म के चलते धुंधकारी की प्रेतात्मा एक एक बूंद पानी के लिए तरस रही थी। अनेकों बार श्राद्ध करने के पश्चात भी धुंधकारी को मुक्ति नहीं मिल रही थी। तब उसके भ्राता गोकर्ण ने अपने तपोबल से भगवान सूर्य से संवाद किया और सूर्य भगवान ने कहा कि धुंधकारी को मोक्ष दिलाने का एकमात्र उपाय श्रीमद् भागवत कथा ही है और भागवत कथा के पुण्य से धुंधकारी को मोक्ष प्राप्त हुआ। महाराज जी ने गोकर्ण तथा आत्मदेव जी के संवाद की चर्चा भी की। इस अवसर पर आश्रम के महंत राजाराम शरण जी महाराज, सुनील सहाय, नागेंद्र कुमार पांडेय, सत्यनारायण राय, प्रेम मिश्र, ह्लवैदेहीह्ल अवधेश कुमार पांडेय, कन्हैया पाठक सहित बड़ी संख्या में संत भक्त उपस्थित थे।

## जिले के निर्धारित 27 केंद्रों पर दोनों पालियों में हुई कदाचारमुक्त परीक्षा

# इंटरमीडिएट परीक्षा शुरूः पहले दिन गणित के सवालों में उलझे परीक्षार्थी, सख्त रही व्यवस्था

- कई स्तरों की जांच के बाद परीक्षार्थियों को दिया गया केन्द्रों प्रवेश
- डीएम ने केंद्रों का लिया जायजा, पूरे दिन निरीक्षण करते रहे अधिकारी

केटी न्यूज/बक्सर



परीक्षा केंद्र का जायजा लेते जिलाधिकारी अमन समीर



परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का स्वागत करती शिक्षिका

बिहार बोर्ड द्वारा आहूत इंटरमीडिएट परीक्षा बुधवार को कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के 27 परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई। पहले दिन मैथ के कठिन सवालों के साथ ही परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों के अंदर व बाहर की गई टाइट व्यवस्था से भी परेशान रहे। परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों को मुख्य गेट पर सघन तलाशी ली गई। इस दौरान किसी भी परीक्षार्थी को जूता-चप्पल पहन कर जाने की इजाजत नहीं दी गई। सभी केन्द्रों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात थे। वही डीएम अमन समीर के नेतृत्व में जिले भर के प्रशासनिक अधिकारी व शिक्षा विभाग के अधिकारी पूरे दिन विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। जिससे परीक्षार्थियों में भय व्याप्त था। नकलमुक्त परीक्षा के प्रशासन के दावे पहले दिन सफल साबित हुए। वही इस दौरान सोसल मीडिया पर मैथ के पेपर वायरल होने की भ्रामक सूचना से भी प्रशासन को जहां हलकान होना पड़ा वही अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई थी।

**पहले दिन 20 हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल :** जिले के कुल 27 परीक्षा केन्द्रों पर दोनों पालियों में कुल 20 हजार 370 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। जिसमें दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 20 हजार 88 परीक्षार्थी शामिल हुए, वहीं 282 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि कदाचार के मामले में किसी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया है।

**निर्धारित समय से पहले पहुंचे थे परीक्षार्थी :** बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से 10 मिनट पहले परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने का निर्देश दिया गया था। जबकि परीक्षार्थी करीब एक घंटा पहले से ही अपने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने लगे थे। जबकि कई केन्द्रों पर विलंब से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल नहीं कराया गया।

**मॉडल केन्द्रों पर दिखा उत्सवी माहौल :** परीक्षा के लिए बक्सर व डुमरांव में बनाए गए मॉडल परीक्षा केन्द्रों पर उत्सवी माहौल दिखा। इन केन्द्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों का स्वागत वीक्षक कर रहे थे। मॉडल परीक्षा केन्द्रों पर ऐसी व्यवस्था देख परीक्षार्थियों की चिंता पहले ही कम हो गई थी। बक्सर के जेकेटी लॉ कॉलेज व नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय तथा डुमरांव के दो परीक्षा केन्द्रों को मॉडल परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। जहां परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों का जोरदार स्वागत किया गया।

### डीएम के नेतृत्व में किया गया निरीक्षण

इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचारमुक्त निपटाने के लिए डीएम के नेतृत्व में पूरे दिन अधिकारी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते दिखे। खुद डीएम अमन समीर ने केएनएस डिग्री कॉलेज इटाढ़ी, जीडी मिश्रा इंस्टिट्यूट हायर स्टडी लालगंज, डीएवी पब्लिक स्कूल इटाढ़ी, एमपी हाई स्कूल बक्सर व एमवी कॉलेज बक्सर के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर संतोष जताया।

## सूबे में परिवारवाद की सबसे बड़ी पार्टी है राजदः डॉ. एसके सैनी



**बक्सर।** बिहार में राजद परिवाद की सबसे पहली और बड़ी पार्टी है। राजद नेताओं को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। उक्त बातें भारतीय जन परिवार पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. एसके सैनी ने कही है। वे राजद प्रवक्ता एजाज अहमद द्वारा भारतीय जन परिवार पार्टी को परिवार पार्टी और भाजपा के इशारे पर चलने वाली पार्टी बोलने पर अपनी प्रतिक्रया दी थी।

उन्होंने कहा कि बिहार के राजनीति में परिवारवाद की नींव रखने वाली राजद पहली पार्टी है। डॉ. सैनी ने कहा कि भारतीय जन परिवार पार्टी न तो किसी परिवार विशेष की पार्टी है और न ही भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। बल्कि यह पूरे अति पिछड़ा समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है तथा अतिपिछड़ों को मान सम्मान तथा राजनीति में उचित हकदारी दिलवाने के लिए मैदान में उतरी है। उन्होंने कहा कि राजद भी मुख्यमंत्री नतीश कुमार को धोखा देगी। उन्होंने कहा कि राजद ने अबतक अतिपिछड़ों को सिर्फ छलने का काम किया है। जब राजद सत्ता में थी तो अतिपिछड़ों को उचित भागीदारी नहीं मिली थी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में राजद को भारतीय जन परिवार पार्टी की अहमियत का पता चल जाएगी।

## प्रतियोगी परीक्षा देने उड़ीसा गए नचाप गांव के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, पसरा मातम

- उभरता क्रिकेटर था मृतक अमन राय, आरा में रह करता था तैयारी

केटी न्यूज/चौगाई



मुरार थाना क्षेत्र के नचाप गांव निवासी एक युवक की उड़ीसा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतक अमन राय उम्र 26 वर्ष नचाप के पप्पू राय का पुत्र और सीताराम राय का पौत्र था। उसके साथ दो अन्य युवकों की भी मौत हुई है। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। हालांकि दो अन्य युवक कहा के रहने वाले है इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

बताया जाता है कि अमन के साथ अभिजीत पांडेय व मनु राय नामक युवक बाइक पर सवार थे। अमन तीन भाईयों में दूसरे नंबर पर था तथा आरा में रह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के साथ ही क्रिकेट खेलता था। वह आरा के जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहरा कई आवार्ड भी जीत चुका था। उसकी गिनती सूबे के उभरते क्रिकेटरों में हो रही थी। बताया जाता है कि वह उड़ीसा में प्रतियोगी परीक्षा देने गया था। उसके साथ दो अन्य युवक भी थे। तीनों एक ही बाइक से गए थे। मंगलवार की शाम उड़ीसा के झारसुगड़ा जिले के एनएच 49 पर कोलाबिरा थाना क्षेत्र के सन्यासी पल्ली चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों की मौत हो गई। इस मनहूस खबर के मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा है। सूचना मिलते ही परिजन उड़ीसा के लिए रवाना हो गए है। इधर ग्रामीणों की मानें तो अमन काफी होनहार और मिलनसार था। यही कारण है कि उसके असमय मौत की खबर से पूरा गांव मर्माहत हो उठा है।

## एक नजर

### नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**बक्सर।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण सेवा धाम में शुरू हो गया है जो शुक्रवार को संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित तथा पुष्प अर्पित कर किया गया। जिसमें सागर महेश्वरी जिला युवा अधिकारी शैलेश कुमार राय, प्रोजेक्ट ऑफिसर नमामि गंगे, डॉ संजय कुमार सिंह, व्याख्याता इंटर कॉलेज, डुमरांव, सुबोध कुमार गोंड नोडल अधिकारी एनएसएस, पॉलिटेक्निक कॉलेज, बक्सर ने किया। जिला युवा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण के तहत पूरे जिले से युवाओं को प्रशिक्षित कर युवा में नेतृत्व सामाजिकता एकता का विकास किया जाएगा। वहीं शैलेश राय ने कहा कि इस प्रशिक्षण से युवाओं में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। जबकि डॉ. संजय सिंह ने कहा कि हम युवाओं को इस तरह के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिससे युवा आगे बढ़ सके। प्रशिक्षक के रूप में बाल गोविंद पाठक, सुबोध कांत गोंड रहे जो युवाओं को युवा क्लब क्या, क्यों, कैसे तथा युवा में तकनीकी का विकास पर युवाओं को अवगत कराएं। संध्या बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवाओं ने नए जोश के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। वही योग शिक्षक के रूप में संजय कुमार सिंह मौजूद रहे। मंच संचालन गणेश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में डुमरांव, बक्सर, राजपुर, चौसा सहित पूरे बक्सर जिला के विभिन्न प्रखंडों से युवा भाग लिए। मौके पर डॉ रासबिहारी शर्मा, देवराजी शाह, अनामिका राज, देवांशु राज, अमित कुमार प्रसाद, मनजीत कुमार, विशाल कुमार, अंकित कुमार, अरुण कुमार, शिव बंधू दुबे, भरत पांडे, रोशन कुमार, विभा कुमारी, शिवकुमार, श्रीकांत शर्मा, संजय कुमार सिंह, अमित कुमार प्रसाद, सोनी कुमारी संगीता कुमारी सिंह आदि मौजूद रहे।

### बजट गांव और किसान के लिए हितकारी युवाओं को भी मिलेगा इसका लाभ: भुवन



**बक्सर।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भुवन ने इसे सर्वजन हिताया बजट बताया है। उन्होंने कहा कि किसानों को सस्ते दर पर यूरिया, एनपीके सहित अन्य खाद को उपलब्ध कराने के लिए इस बजट में 1 लाख 75 हजार करोड़ रूपए आवंटित किया गया है। ताकि किसानों कि आमदनी दुगनी करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अंतर्राष्ट्रीय बाजार से एक बोरी यूरिया 2700 रू में खरीद कर के मात्र 266 रू में भारत में किसानों को देती है। इसके लिए ही इस विशेष बजट का प्रावधान किया गया है। सरकार ने किसानों कि आमदनी बढ़ाने के लिए पशुपालन, मछली पालन, डेयरी क्षेत्र में भी आसान और कम ब्याज के कर्जों सहित विभिन्न अनुदानों कि भी व्यवस्था इस बजट में किया है। इसके अलावे आदिवासी क्षेत्रों के विकास तथा युवाओं को स्टार्टअप फंड और तीन साल तक भत्ता मिलेगा। भुवन ने कहा कि इस बजट में मध्यमवर्गीय तथा नौकरीशुदा परिवारों को भी टैक्स में राहत दी गई है। जबकि गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक साल तक के लिए बढ़ा दिया गया है। अब गरीबों को एक साल तक मुफ्त अनाज मिलेगा। भुवन की मानें तो बजट काफी संतुलित है तथा इसमें आम आवाम से लेकर समाज के अंतिम पायदान तक बैठे लोगों की चिंता की गई है।

### एसडीएम की पहल पर शिक्षकों का धरना संपन्न



**बक्सर।** जिला प्रारंभिक शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले जिले के सेवानिवृत्त बुजुर्ग शिक्षकों द्वारा एमएसीपी का लाभ देने के लिए डीईओ कार्यालय में जारी धरना बुधवार को एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा के पहल पर संपन्न हो गया। शिक्षकों ने नियुक्ति तिथि से मैट्रिक प्रशिक्षित वेतनमान में कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त स्नातक कोटि के शिक्षक एवं 34540 कोटि के शिक्षक की अंतिम सूची प्रकाशन करने हेतु 28 जनवरी 2023 से डीईओ कार्यालय का घेराव जारी था। डीईओ के विरुद्ध सेवानिवृत्त शिक्षकों का जारी घेराव के बीच एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा के हस्तक्षेप एवं उनसे लंबी बातचीत के बाद स्थगित कर दिया गया है। एसडीएम ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को आश्वस्त किया है कि उनकी मांगों को लेकर डीईओ की उपस्थिति में बातचीत होगी। एसडीएम से वार्ता में शामिल शिक्षक तारकेश्वर पांडेय, अंजनी कुमार, आलमगीर अंसारी एवं ललन सिंह तथा विजय नारायण राय ने प्रेस को बताया कि एसडीएम ने उसी समय डीईओ से फोन पर वार्ता की और बुधवार शाम को ही उन्हें वार्ता के लिए आवास पर पुनः बुलाया गया है।

## कस्तूरबा स्मारक शील्ड फुटबाल प्रतियोगिताः सीवान की तरफ से खेलने वाले युगान्डा के उस्मान ने लगाया मैच का एकमात्र गोल

# क्वार्टर फाइनल में बनारस को हरा अंतिम चार में पहुंचा सीवान

- गुरुवार को खेला जाएगा प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला, दांव पर होगी मेजबान टीम की साख

केटी न्यूज/डुमरांव



युगान्डा के खिलाड़ी उस्मान को पुरस्कृत करते अतिथि

पुराना भोजपुर के खेल मैदान में चल रहे कस्तुरबा स्मारक शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता का चौथा व अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला बुधवार को यूनाईटेड क्लब सीवान और मां कामाख्या क्लब वाराणसी की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें सीवान की टीम ने वाराणसी की टीम को 1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच का एकमात्र गोल 72 वें मिनट में यूनाईटेड क्लब सीवान की तरफ से खेलने वाले युगान्डा के उस्मान ने लगाया। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। जबकि वाराणसी की टीम ने भी लाजवाब खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में हार को टाल नहीं सकी। इस रोमांचक मुकाबले के दौरान हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। जो दोनों ही टीमों के खिलाड़ियो की हौसला अफजाई कर रहे थे। हर बेहतरीन मुव पर करतल ध्वनियों से उनका हौसला बढ़ाया जा रहा था।

**फुटबॉल खिलाड़ी ने किया मैच का उद्घाटन :** इस क्वार्टर फाइनल मुकाबले का आयोजक क्लब के वरिष्ठ सदस्य सह राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी इस्लाम अंसारी, बीएन सिंह व पूर्व डीएसपी ददन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर तथा दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच में मुख्य रेफरी हरेंद्र यादव व सहायक रेफरी की भूमिका जनार्दन यादव के साथ बिट्टू सिंह और डब्लू यादव ने निभाई। जबकि बतौर डॉक्टर ठाकुर सिंह मौजूद थे।

**मैन ऑफ द मैच पा खुश हुआ युगान्डा का उस्मान :** अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एकमात्र गोल कर अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले युगान्डा के उस्मान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार यूनिक कलेक्शन और विवान कलेक्शन डुमरांव के तरफ से दिया गया। उद्घोषक व समिति सदस्य के रूप में भगौती प्रसाद व मिथुन यादव मौजूद रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिलने से उस्मान काफी खुश नजर आ रहा था। वह अपने फुटबॉल कैरियर को आगे बढ़ाने के लिए ही सीवान के क्लब को ज्वाइन किया है।

**मैच के दौरान उपस्थित थे सैकड़ों गणमान्य :** कस्तुरबा स्मारक शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान हजारों दर्शक मौजूद थे। इस दौरान आयोजक क्लब द्वारा सैकड़ो गणमान्यों को भी मैच देखने के लिए आमंत्रित किया गया था। उनमें प्रमुख रूप से नन्द जी सिंह, विनोद वर्मा, संजय तिवारी, पपल सिंह उर्फ अरुण सिंह, अजय सिंह, सत्य नारायण जायसवाल, अशोक केशरी, मनु सिंह, नागेंद्र नाथ ओझा, भरत चौधरी, शंभु चौधरी, सत्येन्द्र चौधरी, पंकज चौरसिया, कामेश्वर प्रसाद सिन्हा, अभिमन्यु सिंह, निर्मल प्रसाद, डॉ. ठाकुर सिंह आदि मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### बाइक की डिक्की से दो लाख रुपए उड़ा ले गए उचक्के

**मऊ।** कोपागंज यूनियन बैंक के फ्रेंचाइजी शाखा के सामने खड़ी बाइक की डिक्की से दो लाख रुपए किसी ने उड़ा दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित युवक से पूरे मामले की छानबीन और आसपास के लगे सीसी कैमरे के फुटेज के आधार पर रुपए उड़ाने वाले शख्स की तलाश में जुटी हुई है। कोपागंज दोस्त पूरा निवासी यशवंत मौर्या नगर पंचायत कार्यालय जाने वाले मुख्य सड़क पर यूनियन बैंक का फ्रेंचाइजी संचालक है। बुधवार को दोपहर संचालक बाइक की डिक्की में दो लाख रुपए लेकर पेट्रोल पंप के पास युनियन बैंक शाखा में जमा करने गया था। किसी कारण रूपया जमा नहीं हो पाया तो वह बैंक से थोड़ी दूर यूनियन बैंक के फ्रेंचाइजी शाखा पर किसी काम से गया। काम निपटाने के बाद जैसे ही वह बाहर आया बाइक की डिक्की खुला देख उसके होश उड़ गए। देखा तो बाइक की डिक्की में दो लाख रुपए नहीं था। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है, उचक्का जल्द पकड़ा जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**मऊ।** चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के सिरसा गांव काली माता मंदिर के पास एक व्यक्ति की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जाता है कि जयप्रकाश पुत्र स्वर्गीय दास राम 41 वर्ष निवासी सिरसा थाना चिरैयाकोट मंगलवार की देर शाम लगभग 6:30 बजे अपने घर से पैदल बाजार करने के लिए निकले थे जैसे ही चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के सिरसा काली माता मंदिर के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने उसे आनन-फानन में पास में ही किसी प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उसकी हालत को गंभीर देख चिकित्सकों ने आजमगढ़ जाने की सलाह दी आजमगढ़ जाते ही घायल व्यक्ति की रास्ते में ही मौत हो गई।

### ऋण जमा करने के लिए विभाग ने दिया अंतिम अवसर

**गाजीपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जनपद के 405 बकाएदारों ने टर्मलोन, मार्जिंग मनी, शैक्षिक ऋण लिया है एवं उनके द्वारा किश्तों का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है। उन्हें भुगतान का अंतिम अवसर देते हुए दिनांक 05 फरवरी 2023 तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी में सम्पर्क कर अपनी किश्त जमा करें। अन्यथा देय धनराशि की वसूली के लिए सम्बन्धित तहसील द्वारा आरसी निर्गत करा दी जाएगी, जो निगम की ऋण ब्याज सहित वसूली के बकाए के रूप में करेंगे। वसूली की जाने वाली धनराशि पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि की वसूली की जाएगी।

# संसद में पेश केंद्रीय बजट से कोई खुश तो किसी के चेहरे पर छायी उदासी

**केटी न्यूज/बलिया/गाजीपुर**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को देश का आम बजट 2023 पेश किया। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चमकता सितारा है। उन्होंने बताया कि गरीब खाद्यान्न योजना एक साल के लिए बढ़ाई गई है। वित्त मंत्री ने इस बीच बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सात लाख की आय तक अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने नए टैक्स स्लैब की भी घोषणा की। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि पैन अब राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में जाना जाएगा। बजट में घोषणा की गई कि इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, खिलौने और देसी मोबाइल सस्ते होंगे। वहीं, चिमनी, कुछ मोबाइल फोन और कैमरे के लेंस, सिगरेट सोना, चांदी, प्लैटिनम महंगा होगा। वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि कोष बनाया जाएगा। वहीं, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड पर काम किया जाएगा। अगले साल लोक सभा चुनाव होने के चलते मोदी सरकार के लिए यह बजट काफी अहम माना जा रहा था। आम चुनाव से पहले मोदी सरकार का यह आखिरी पूर्ण बजट होने के चलते लोगों और कॉरपोरेट सेक्टर को भी इससे बड़ी उम्मीदें थीं।



अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सुनील सर्राफ ने कहा कि बजट स्वर्य व्यवसायी, गरीब और किसान विरोधी है। नरेगा के लिए फंड आवंटन में 29,000 करोड़ की कमी की गई है, जिससे अतिरिक्त रोजगार सृजित नहीं होगा। उर्वरक सब्सिडी में 50,000 करोड़ की से किसानों का खर्च बढ़ाया जाएगा।



बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री बब्बन यादव ने कहा कि यह गरीब विरोधी बजट है न कि भविष्य के लिए। यह पूर्ण अवसरवादी बजट है। बढ़ती महंगाई के बीच आयकर से छूट का क्या फायदा है, बजट में बेरोजगार लोगों के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है। इसमें बेरोजगारों को कुछ नहीं है।



चार्टड अकाउंटेंट सरदार बलजीत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट आम लोगों के लिए बेहतर होगा, जिससे व्यापारी मजदूर, किसान और छोटे उद्यमियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बजट में हर सेक्टर का ध्यान रखा गया है। कुल मिलाकर आम जनता के लिए यह बजट सुखद होगा।



अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के बजट की आलोचना करने वाले लोगों के लिए यह बजट एक मिसाल है। जो केंद्र सरकार योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने और गरीबों को अगले एक साल तक अन्य दिए जाने की घोषणा से सामान्य तबका भी लाभान्वित अवश्यक होगा।

### ऐतिहासिक है बजट : विनोद अग्रवाल

**गाजीपुर।** गाजीपुर नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद अग्रवाल ने कहा कि बजट अभूतपूर्व ही नहीं ऐतिहासिक भी है। कहा कि आयकर की सीमा को पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख करने एवं टैक्स का स्लैब भी परिवर्तित कर करदाताओं को लाभ पहुँचाने का एक अच्छा प्रयास किया गया है, जो सराहनीय है। यह बजट एक नए भारत की नींव रखेगा और 130 करोड़ भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल करेगा।

## मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली, घायल अभियुक्त ने खोले कई राज

# अब तक सात स्कार्पियो चोरी कर चुका है जख्मी अपराधी का गिरोह, मामला दर्ज

- पुलिस ने बरामद की चोरी गई स्कॉर्पियो, अपराधी के पास से हथियार व कारतूस भी मिला

**केटी न्यूज/बलिया**



जिले के सुखपुरा पुलिस ने सफलता अर्जित करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार करते हुए चोरी गई एक स्कॉर्पियो बरामद कर ली। लेकिन तीन वाहन चोर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के दौरान वाहन चोर के पैर में गोली लगी है। जिसका इलाज सुखपुरा पुलिस द्वारा जिला चिकित्सालय में कराया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सुखपुरा पारसनाथ सिंह मय फोर्स व उप निरीक्षक बांक बहादुर सिंह मय फोर्स के साथ देखभाल क्षेत्र एवं तलाश वांछित अपराधी एवं तलाश वांछित अभियुक्त एवं चोरों एवं वाहन चोरों की तलाश करते हुये मिढ्ढा पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्तियों,वाहन चेकिंग कर रहे थे।

इसबीच कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 31 जनवरी को हनुमानगंज से चोरी हुई स्कार्पियों गाड़ी से कुछ अज्ञात व्यक्ति बसन्तपुर से होते हुए बेरूबारी को जाने वाले है। सूचना पर विश्वास करके तत्काल चौकी प्रभारी बेरूबारी उप निरीक्षक राम सिंह मय फोर्स व चौकी प्रभारी हनुमानगंज उप निरीक्षक जयप्रकाश सिंह व मय फोर्स को अवगत कराते हुए दतिबड़ पुलिया के पास सुखपुरा पुलिस टीम द्वारा आने वालें वाहनों का चेकिंग की जाने लगी।चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन शिवपुर के रास्ते से आते हुए दिखाई पड़ी।जिसको पुलिस ने रुकने का इशारा किया,तो गाड़ी में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से लक्ष्य कर फायर करते हुये भागने लगे।पुलिस टीम द्वारा अपनी जान बचाते हुये घेराबन्दी करते हुये प्र.नि. सुखपुरा द्वारा आत्मरक्षार्थ अपनी पिस्टल से एक फायर किया गया जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। गोली लगा हुआ अपराधी वहीं पर गिर गया।

### जख्मी के पास से हथियार जब्त

घायल अभियुक्त से जामातलाशी में नाम पता पूछा गया तो अभियुक्त ने अपना नाम संतोष कुमार पुत्र सूर्यदेव निवासी दीघा फतेहपुर थाना बलीगांव जिला वैशाली बिहार बताया। जिसके पास से घटना स्थल पर एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस व एक अदद मिस कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार अपराधी से भागे हुये अपराधियों का नाम पता पूछा गया तो गिरफ्तार अपराधी द्वारा उनका नाम मोनू शाह ग्राम खैरा थाना पूशा जनपद समस्तीपुर बिहार, सुमन महतो ग्राम बथुआ थाना पूशा जनपद समस्तीपुर बिहार तथा निजाम बताया गया।

### कई स्कार्पियो कर चुके हैं चोरी

घायल व्यक्ति से स्कार्पियो के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि दिनांक 31 जनवरी को हम सभी लोगों ने मिलकर हनुमानगंज के पास से एक स्कार्पियो गाड़ी चोरी की। इससे पहले हम लोगों ने सिकन्दरपुर से दो स्कार्पियो तथा सुखपुरा थाना क्षेत्र से दो स्कार्पियो व बैरिया थाना क्षेत्र से एक स्कार्पियो तथा थाना खेजुरी क्षेत्र से एक स्कार्पियो चोरी की थी। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल बलिया भेजा गया एवं पकड़े गये अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## बलिया आर्म्स कारपोरेशन के मालिक ने सूदखोरों से तंग आकर दे दी जान

**केटी न्यूज/बलिया**

- मरने से पूर्व नन्दलाल ने सीएम योगी से अपने परिवार की सहायता और सुरक्षा की मांग की है



सूदखोरो का खौफ एक बार बलिया में देखने को मिला है। जब सूदखोरों से तंग आकर बंदूक की दुकान के मालिक नन्द लाल गुप्त ने बुधवार को मोबाइल के माध्यम लाइव आकर अपनी कनपटी पर रिवाल्वर से गोली मार आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व नन्द लाल गुप्त सीएम योगी से अपील किया है कि सूदखोरों ने उसका घर लिखवा लिया है। मूलधन से बहुत अधिक पैसा लेने के बाद भी धमका रहे हैं। सीएम योगी से नन्दलाल ने अपने परिवार की सहायता और सुरक्षा की मांग की है। अब देखना है बलिया पुलिस सूदखोरो के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।

जिगर बात यह है कि कौन-कौन सूदखोर नंदलाल गुप्ता को पैसा दिए थे। उनकी पहचान दुकान के सीसीटीवी फुटेज को देखकर निकाला जा सकता है, क्योंकि यह लोग तगादा करने दुकान पर जरूर पहुंचते थे। जानकारी के अनुसार नंदलाल सूदखोरों के तगादा से अजीज आ गए थे। इसका जिक्र उन्होंने कई बार अपने परिवार के लोगों से किया था। हालांकि वे ऐसा कदम उठा लेंगे यह किसी ने नहीं सोचा था।

## आरटीआई कार्यकर्ता ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव

**केटी न्यूज/बलिया**



गरीब बच्चों के निशुल्क शिक्षा को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग में लंबे समय से गड़बड़झाला चल रहा है। इसे दूर करने के लिए पिछले तीन सालों से आरटीआई कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस आंदोलन करते आ रहे हैं। हंस के आंदोलन से जनपद के 5000 लोगों को इसका लाभ मिला है, लेकिन निजी विद्यालयों के दबाव में विभाग इसे लेकर कोई कड़ा कानून नहीं बनाना चाहता है। यहां तक कि अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी मनोज राय हंस का साथ देते हुए पिछले दिनों कलेक्ट्रेट में न केवल धरना दिया था, बल्कि जिलाधिकारी से मिलकर गरीब छात्रों को न्याय दिलाने की अपील भी की थी। लेकिन अभी भी मामला जहां का तहां लटका हुआ है।

बुधवार को गरीब बच्चों को दिए जाने वाले निःशुल्क शिक्षा को पार्दर्शी करने एवं न्याय दिलाने के लिए सैकड़ों अभिभावकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। बीते दिनों जिलाधिकारी द्वारा एक फरवरी तक समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया गया था। इसे लेकर आरटीआई कार्यकर्ता मनोज राय हंस ने एक बार फिर कलेक्ट्रेट का घेराव किया और अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारीयों से वार्ता के बाद उन्हें पत्रक सौंपा। उनकी मांगों में प्रमुख रूप से अभिभावकों की सहायता राशि एवं विद्यालयों की फीस प्रतिपूर्ति तत्काल देने को कहा गया। इसके साथ ही विद्यालयों के रजिस्ट्रेशन एवं ऑफलाइन आवेदन की अनुमति देने की बात कही गई। मांग में यह भी कहा गया कि बेसिक शिक्षा विभाग नियम को ताक पर रख छात्रों के नामांकन को वार्ड व ग्राम पंचायत में बांटा जा रहा है। जबकि ऐसा कोई नियम नहीं है। हंस ने चेतावनी दी है कि जिला प्रशासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग छात्रों की छात्रवृत्ति एवं उनका निःशुल्क एडमिशन करने की दिशा में पहल नहीं करता है, तो आंदोलन उग्र होगा।

## एक नजर

### मऊ के इंदु महिला महाविद्यालय की 34 छात्राओं के बीच बांटा गया टैबलेट



**मऊ।** इंदु महिला महाविद्यालय बढ़या,भुड़सुरी की छात्राओं के बीच टेबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर 34 छात्राओं को टेबलेट प्रदान किया गया। टैबलेट पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। टैबलेट वितरण समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ मनीष कुमार राय एवं संचालन राजेश कुमार यादव ने किया। इंदु महिला महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ मनीष कुमार राय ने कहा कि कोरोना महामारी, रूस-युक्रेन का युद्ध, चीन समेत कई देशों में कोरोना का प्रकोप रहा इन सब कारणों से टैबलेट की मैनुफैक्चरिंग नहीं हो पा रही थी। इसमें एक चिप लगती है। चिप का निर्माण नहीं हो पा रहा था। इसलिए टेबलेट वितरण में विलंब हुआ। अब सरकार इसे फेस वाइस वितरित करा रही है। उन्होंने कहा कि टेबलेट वितरण से युवाओं को स्मार्ट बनाया जाएगा, यही उसका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन और टैबलेट देने का काम राज्य सरकार कर रही है। ताकि आज का युवा डिजिटल इंडिया के तहत शिक्षा ग्रहण करने की तकनीक में पूरी तरह से स्मार्ट बन सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि दिलेर ठाकुर रमेश सिंह चौहान ,बबलू यादव , फतेह बहादुर गुप्त, विश्वजीत सिंह अर्पित ने भी संबोधित किया। अन्य उपस्थित जनों में विजय शंकर यादव, छविराम यादव, विनय कुमार राय, बेचू यादव ,अंगद कुमार, राजेश राजभर, सुनील कुमार ,अभिमन्यु ,छविराम ,पारस यादव ,संगीता ,पूजा ,राधा इत्यादि थे।

### आरडी इंटर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**गड़वार(बलिया)।** थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव स्थित आरडी इंटर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के माध्यम से विद्यालय की छात्राओं को थाना प्रभारी आरके सिंह ने छात्राओं को उनके अधिकारों उनकी सुरक्षा व सशक्तिकरण के बाबत टिप्स दिए गया।छात्राओं को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी,छेड़खानी,व अंजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने आदि परिस्थितियों में तत्काल 1090, 112, 181, 1076 पर कॉल करके शिकायत कर सकती हैं। साथ ही छात्राओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराध का मुखर होकर विरोध करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुस्तिकाएं छात्राओं में भी बांटी गई।इस अवसर पर निरीक्षक अपराध रामअनुराग शुक्ला,महिला कांस्टेबल तबस्सुम बानो आदि उपस्थित रहे।

### अवर अभियंताओं ने विद्युत उपकेंद्र पर सुनी उपभोक्ताओं की समस्याएं

**मऊ।** विद्युत उपभोक्ता पहचान एवं समाधान पखवाड़ा दिवस 1 फरवरी से प्रारंभ होकर 15 फरवरी तक उपभोक्ताओं की समस्या को सुनने तथा केवाईसी कराने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जिसको लेकर विद्युत उपकेंद्र मोहम्मदाबाद गोहना द्वारा करहा, हलीमा बाद वलीदपुर भीरा कुलौरा एवं विद्युत उपकेंद्र पर बुधवार को विशेष शिविर लगाकर एसडीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता विवेक खरवार, लालजी यादव, राजेंद्र यादव, अरविंद कुशवाहा, राजेश सोनकर, अरविंद कुमार समेत विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने अपने-अपने विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं की समस्या सुनी। इस दौरान कुल 1820 उपभोक्ताओं केवाईसी की गई एवं विद्युत उपकेंद्र हलीमाबाद में 5 उपभोक्ताओं के बिल में गड़बड़ी होने पर उसे सही कराया गया। 6 नए मीटर लगाते हुए 2 उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाए गए एवं उपभोक्ताओं से अपील की गई कि शासन द्वारा जारी की गई वित्तीय सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आप सभी लोग केवाईसी अवश्य करा लें।



### मऊ में बिजली के 38 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए

**मऊ।** विद्युत विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर बकाया बिलों का भुगतान कराने के लिए प्रत्येक दिन विद्युत विभाग की टीम घूम घूम कर भुगतान करा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को एसडीओ विद्युत नीरज कुमार के निर्देश पर अवर अभियंता लालजी यादव विजय खरवार, राजेश सोनकर, चंद्र भूषण यादव समेत विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर, शेख वाड़ा, स्टेशन रोड आदि मोहल्लों के 88 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन चेक किए। चेकिंग के दौरान विभिन्न मोहल्लों से कुल 38 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए 5 उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाए गए एवं 3 उपभोक्ताओं के नए मीटर लगाए गए।

## विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा का डीएम ने किया शुभारंभ

# जनपद में बिजली उपभोक्ताओं की करायी जाएगी केवाईसी

- कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



हरी झंडी दिखकर अभियान की शुरुआत करती डीएम व अन्य

जनपदे में एक से 15 फरवरी तक उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान किए जाने के लिए "विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा" का शुभारंभ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। "विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा" कार्यक्रम के के अन्तर्गत उपभोक्ताओं की केवाईसी व अद्यतन किए जाने तथा विद्युत चोरी रोकते हुए वृहद रूप से संयोजनों की संख्या में वृद्धि किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अन्तर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ताओं की केवाईसी की जाएगी। केवाईसी के पश्चात उपभोक्ताओं को विद्युत भुगतान न होन पर विद्युत विच्छेदन की पूर्व जानकारी, बिल की समस्त जानकारी, बिल भुगतान की सुविधा, शिकायतों का तत्काल त्वरित निस्तारण, विभागीय योजनाओं व कैम्पों की जानकारी, विद्युत बाधित होने की जानकारी प्राप्त होगी। केवाईसी किए जाने के लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन व्यवस्थाएं हैं। ऑनलाइन के लिए केवाईसी के लिए वेबसाइट - www.uppenergy.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर - 18001805025 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे अपना केवाईसी के अर्न्तगत मोबाइल नंबर, वाट्सएप मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी अंकित कराया जा सकता है। जिससे विलिंग प्रणाली पर अद्यतन रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगा। इस अभियान के दौरान किसी भी सुविधा/असुविधा सेवाओं की अपने उपकेन्द्र व विद्युत केन्द्र पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ता द्वारा भरे हुए फार्म को एकत्र करने के लिए अभियान के दौरान प्रत्येक उपकेन्द्र पर प्रातः 08:00 बजे से सायंकाल 08:00 बजे तक केवाईसी किये जाने व अद्यतन किया जाय। उन्होंने बताया कि ऐसे आवेदक जिनके विरूद्ध पूर्व की चोरी प्रकरणों के विरूद्ध लम्बित बकाया अथवा एफआईआर दर्ज है। उनके सादा पेपर पर निम्न प्रारूप में इस आशय का घोषणा पत्र प्राप्त कर ऐसे प्रकरणों पर भविष्य में जो भी नीतिगत निर्णय होगा व उन्हें मान्य होगा। उन्हें संयोजन दे दिया जाए। इस अभियान के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक स्वयं स्थल पर उपस्थित होते हुए प्रत्येक उपभोक्ताओं को अभियान के फायदों के बारे में जागरूक करेंगे।